-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मरका व कमासिन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 06 वर्षीय बच्चे को एक घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 23.03.2025 को थाना मरका व कमासिन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 06 वर्षीय बच्चे को एक घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 23.03.2025 को थाना मरका क्षेत्र के ग्राम खेरा के रहने वाले रामबाबू साहू द्वारा डायल यूपी-112 के माध्यम से सूचना दी कि सुबह बढ़ाइयन पुरवा मजरा जो थाना मरका व थाना कमासिन की सीमा पर है, खेत में गेहूं की फसल काटते समय उनका 06 वर्षीय बच्चा कहीं खो गया । सूचना पर तत्काल थाना मरका व थाना कमासिन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर आस-पास मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए खेतों आदि में सघन चेकिंग करते हुए एक घण्टे के भीतर बच्चे को एक खेत के पास मेड़ पर सोते हुए बरामद कर लिया गया । पुलिस द्वारा सकुशल बच्चे के परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया । परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया ।